भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.48**
**(जिसका उत्तर सोमवार 1 दिसंबर, 2025 /10 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है)**

**विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक द्वारा निधियां**

**48. श्रीमती बाग मिताली:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों में राज्य-वार और एजेंसी-वार कुल कितनी निधियां स्वीकृत की गई हैं;

(ख) उक्त राज्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों से संपर्क करने के लिए आर्थिक मामलों के विभाग से कितनी परियोजनाओं के लिए मंजूरी मांगी गई है; और

(ग) बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

**(क) और (ग):** बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों में राज्य-वार और एजेंसी-वार स्वीकृत निधियों की कुल राशि और परियोजनाओं की संख्या इस प्रकार है:

| राशि मिलियन अमेरीकी डॉलर में (परियोजनाओं की संख्या) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का नाम | एडीबी | आईबीआरडी (विश्व बैंक) | एआईआईबी | एनडीबी | आईएफएडी | ओपेक/ ओएफआईडी |
| गुजरात | 1513.97 (8) | 4134.7 (22) | 579 (2) | 500 (1) | 14.98 (1) | 0 (0) |
| पश्चिम बंगाल | 2473.36 (14) | 2015 (20) | 280 (2) | 0(0) | 17.50(1) | 0 (0) |
| झारखंड | 512 (3) | 658 (6) | 0 (0) | 0 (0) | 74 (2) | 0 (0) |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 3635.84 (14) | 6427.4 (33) | 1885 (4) | 501 (2) | 224.76 (5) | 84 (1) |
| **कुल** | **8135.17 (39)** | **13235.1 (81)** | **2744 (8)** | **1001 (3)** | **331.24 (9)** | **84 (1)** |

**(ख)** आर्थिक कार्य विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों द्वारा प्रार्थित परियोजना अनापत्तियों की एजेंसी-वार संख्या निम्नानुसार है:-

| राज्य का नाम | एडीबी | आईबीआरडी (विश्व बैंक) | एआईआईबी | एनडीबी | आईएफएडी | ओपेक/ ओएफआईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 6 | 2 | 1 | 1 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 12 | 10 | 2 | 0 | 1 | 0 |
| झारखंड | 2 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| महाराष्ट्र | 16 | 6 | 7 | 5 | 5 | 1 |
| **कुल** | **35** | **23** | **11** | **6** | **9** | **1** |

*****